(ग) पड़ोसी राज्यों की किन किन दुग्ध एजेंसियों से केन्द्रीय सरकार दूध खरीदती है; और

(घ) केन्द्रीय सरकार दूध की उक्त मात्रा को खरीद के लिए प्रति वर्ष कितनी धनराशि अदा करती है?

कृषि मंत्रालय में कृषि और सहकारिता विभाग में राज्य मंत्री (श्री श्याम लाल यादव) : (क) से (घ) 1988-89 के दौरान डेरी संघों से दिल्ली दुग्ध योजना और मदर डेरी, दिल्ली द्वारा खरीदे गए दूध के ब्यौरे और किए गए भुगतान को दर्शाने वाला एक विवरण संलग्न है।

विवरण

(मात्रा लाख कि० ग्रा० में)
(लाख रुपये में)

क्र० सं०	राज्य संघ	दिल्ली दुग्ध योजना		मदर डेरी		
		मात्रा (कि० ग्रा०)	राशि (रुपये)	मात्रा (कि० ग्रा०)	राशि (रुपये)	
1	उत्तर प्रदेश	44	255	140		
2	राजस्थान	78	400	181		
3	पंजाब	23	119	139		
						3765
4	मध्य प्रदेश	42	205	46		
5	हरियाणा	3	16	7		
7	गुजरात	—	—	258		

मध्य प्रदेश में खेती लायक भूमि पर खेती न किया जाना

503. **श्री हरि सिंह** : क्या कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि मध्य प्रदेश के बस्तर जिले में उपलब्ध खेती लायक अधिकांश भूमि पर खेती नहीं की जा रही है;

(ख) यदि हां, तो उसके क्या कारण हैं; और

(ग) सरकार उस भूमि पर खेती आरंभ करने के लिए क्या उपाय कर रही है?

कृषि मंत्रालय में ग्रामीण विकास विभाग में राज्य मंत्री (श्री जनार्दन पुजारी) : (क) से (ग) आवश्यक सूचना एकत्र की जा रही है और सभा पटल पर रख दी जाएगी।

सरकार द्वारा प्राप्त किये गए दूध का भुगतान

504. **श्री हरि सिंह** : क्या कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि दूध की कीमतों में वृद्धि के कारण केन्द्रीय सरकार ने बढ़ी हुई कीमतों के आधार पर 1988-89 में प्राप्त किये गए दूध की बकाया राशि का भुगतान किया है; और